संस्कार वैली की लड़कियां सुब्रतो कप के फाइनल में

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

संस्कार वैली की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुब्रतो कप अंडर-17 जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां बुधवार को उनकी भिड़ंत सेंट जोसेफ को एड से होगी। बालक अंडर-14 आयु वर्ग का फाइनल मेजबान आर्मी स्कूल और बिला बोंग के बीच होगा। जबकि अंडर-17 आयु बालक वर्ग के फाइनल में आर्मी स्कूल का सामना सेंट जोसेफ कोएड और कैंपियन के बीच कल खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

संस्कार वैली ने सेमीफाइनल में मदर टेरेसा स्कूल को 1-0 से हराया। यह गोल दसवीं की छात्रा अर्शिया भाटिया ने किया। इससे एक दिन पहले संस्कार वैली ने क्वार्टर फाइनल में आर्मी पब्लिक स्कूल को 2-0 से हराया था।

संस्कार वैली की टीम कोच आनंद दास के साथ।

अंडर-14 आयु बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में आर्मी स्कूल ने सेंट जोसेफ को 2-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में बिलाबोंग ने रेयान इंटरनेशनल स्कूल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से मात दी। अंडर-17 बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में आर्मी स्कूल ने मिठी गोविंदराम स्कूल को 2-0 से हराया। एक अन्य मैच में कैंपियन ने संस्कार वैली को 2-0 से हराया।